Number of Pages in Booklet: 12
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 12

Serial No. of Booklet / पुस्तिका क्रमांक: 030026

Number of Questions is Booklet : 100
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100

**Hindi**

**Subject Code / विषय कोड – 03**

Roll No. of Candidate / अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : ..............................

OMR Serial Number / ओ. एम. आर. क्रमांक : ..............................

Signature of Candidate / अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : ..............................

Date of Examination / परीक्षा तिथि : ..............................

Signature of Invigilator / वीक्षक के हस्ताक्षर : ..............................

Time/समय : Two hours / दो घण्टे — Maximum Marks / पूर्णांक : 100

## INSTRUCTIONS

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from serial no. 01 to serial no. 100 are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (A), (B), (C), (D).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the OMR sheets by using **BLUE / BLACK BALLPOINT PEN.**
8. There is no provision of **Negative marking.**
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is also found, then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, then English version shall be correct.

## निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक 1 से क्रमांक 100 तक के प्रश्न विषय से संबंधित हैं।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमश : (A), (B), (C), (D) से अंकित किया गया हैं।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को ओ. एम. आर. शीट पर **नीले/काले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना हैं।
8. __नकारात्मक अंक__ प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं हैं।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध हैं। साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमनानुसार कार्यवाही होगी।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियाँ ओ. एम. आर. शीट पर सावधानी से भरें। ओ. एम. आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा।
11. यदि प्रश्नों के हिन्दी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जायेगा।

**SPACE FOR ROUGH WORK/ रफ कार्य के लिए जगह**

1. 'ढोला मारू रा दूहा' राजस्थान का प्रसिद्ध ..................................काव्य है, वाक्य में रिक्त स्थान पर शब्द आएगा –

(A) महाकाव्य (B) लोककाव्य
(C) गीतिकाव्य (D) नृत्यकाव्य

2. इनमें केवल एक संत कवि हैं –

(A) सूरदास (B) रसखान
(C) तुलसीदास (D) रैदास

3. 'हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास' ग्रंथ के रचयिता हैं –

(A) डॉ. नगेन्द्र (B) डॉ. राम कुमार वर्मा
(C) डॉ. गणपति चन्द्र गुप्त (D) डॉ. बच्चन सिंह

4. 'हरि रस पीया जाँणिये, जे कबहुँ न जाइ खुमार' पंक्ति में हरि रस का तात्पर्य है –

(A) भगवद् भक्ति (B) भजन
(C) प्रेम (D) विरह

5. 'लखियत कालिंदी अति कारी' गोपियों का यमुना काली क्यों दिखती है –

(A) गंदगी के कारण (B) कलिया नाग के ज़हर के कारण
(C) कृष्ण के विरह में (D) गायों के नहाने के कारण

6. 'बसंत के अग्रदूत' शीर्षक रचना (अज्ञेयरचित) की विधा है –

(A) निबंध (B) संस्मरण
(C) डायरी (D) आत्मवृत्त

7. 'गदल' कहानी के रचयिता हैं –

(A) मोहन राकेश (B) जैनेन्द्र
(C) प्रेमचंद (D) रांगेय राघव

8. 'कनक–कनक ते सौगुनी मादकता अधिकाय।
वा खाये बौरात जगत, वा पाये बौराय।।
दोहे में अलंकार है –

(A) यमक (B) श्लेष
(C) रूपक (D) निमावना

9. 'अरूणगात अतिप्रात पद्मिनी प्राणनाथ भय' पंक्ति में अरूणगात किसका है –

(A) चन्द्रमा का (B) रात्रि का
(C) तारों का (D) सूर्य का

10. 'नैहर चाह न पाउब जहाँ' पंक्ति के अनुसार नैहर की इच्छा कहाँ पूरी नही होगी–

(A) स्वर्ग में (B) ससुराल में
(C) बाग में (D) मानसरोवर में

11. 'जिन्ह के कपट दंभ नहिं आया। तिन्ह के हृदय बसहु रघुराया। 'रामचरित मानस' में यह बात राम से किसने कही है –

(A) बाल्मीकि ने (B) ऋषि भारद्वाज ने
(C) लक्ष्मण ने (D) केवट ने

12. 'तनक हरि चितवौ जी मोरी ओर' पंक्ति है –

(A) सूरदास की (B) नंददास की

(C) मीरां बाई की (D) रसखान की

13. 'संत दादू दयाल के गुरू बुड्ढन को विल्सन किसका वंशज मानते हैं –

(A) गोरखनाथ का (B) कबीर का

(C) सरहपा का (D) पुष्पदंत का

14. 'इनमें कौन सी कहानी मोहन राकेश की है –

(A) मलबे का मालिक (B) परदा

(C) पाजेब (D) सजा

15. 'मधुआ' कहानी के लेखक हैं –

(A) प्रेम चंद (B) यशपाल

(C) जैनेन्द्र (D) जयशंकर प्रसाद

16. महादेवी वर्मा लिखित 'सोना' रचना एक .......................... है –

(A) संस्मरण (B) कहानी

(C) रेखाचित्र (D) डायरी

17. 'कूलन में केलिन में, कछरिन में, कुंजन में, पंक्ति में कौन सा अलंकार है –

(A) श्लेष (B) अनुप्रास

(C) रूपक (D) यमक

18. 'आवाज़ का नीलाम' एकांकी के लेखक का नाम है –

(A) राम कुमार वर्मा (B) भुवनेश्वर

(C) विष्णु प्रभाकर (D) धर्मवीर भारती

19. 'इनमें किस नाटक के लेखक जगदीश चन्द्र माथुर हैं –

(A) कोणार्क (B) अजातशत्रु

(C) सिन्दूर की होली (D) मिस्टर अभिमन्यु

20. इन एकांकियों में से किस एकांकी का प्रमुख रूप से मनोवैज्ञानिक एकांकी कहा जाएगा –

(A) नया पुराना (B) तांबे के कीड़े

(C) ममता का निख (D) उत्सर्ग

21. 'रीति काल' नाम में रीति का तात्पर्य है –

(A) काव्य रीति (B) काव्य लक्षण

(C) काव्यालंकार (D) काव्य गुण

22. इनमें रीतिसिद्ध काव्यधारा का प्रतिनिधि कवि है –

(A) केशवदास (B) मतिराम

(C) धनानन्द (D) बिहारी

23. रीतिकाल के इस कवि ने वीररस तथा राष्ट्रप्रेम की कविताएं लिखीं –

(A) पद्माकर (B) भूषण

(C) आलम (D) देव

24. 'दोनों ओर प्रेम पलता है' पंक्ति किस काव्य से है –

(A) प्रियप्रवास  (B) नीरजा

(C) साकेत  (D) चिदंबरा

25. 'हे! मन आज परीक्षा तेरी' पंक्ति के रचयिता है –

(A) मैथिलीशरण गुप्त  (B) अयोध्यासिंह उपाध्याय हरिऔध

(C) सुमित्रानंदन पंत  (D) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

26. 'कामायनी' काव्य में कुल कितने सर्ग हैं –

(A) 10  (B) 12

(C) 18  (D) 15

27. 'प्रथम रश्मि' कविता पंतजी ने किसे सम्बोधित की है –

(A) परमात्मा को  (B) सूर्य को

(C) संसार को  (D) विहंग को

28. अज्ञेय की 'साँप' कविता का मूल भाव है –

(A) प्रेम  (B) शहरी जीवन पर व्यंग्य

(C) साँप का महत्व  (D) साँप की प्रकृति

29. 'तुम कौन धौं पाटी पढ़े हो लला मन लेहु पै देहु छटांक नहीं' पंक्ति में अलंकार है –

(A) श्लेष  (B) यमक

(C) उत्प्रेक्षा  (D) रूपक

30. डॉ० रामकुमार वर्मा ने हिन्दी साहित्य के आदिकाल को किन नामों से अभिहित किया –

(A) आदि काल – संधिकाल  (B) वीरगाथा काल – चारण काल

(C) संधि काल – चारण काल  (D) चारणकाल – प्रारम्भिक काल

31. इनमें एक कविता मुक्ति बोध की है –

(A) यह दीप अकेला  (B) दूरतारा

(C) द्रुतझरो  (D) प्रौढ़ शिक्षा

32. 'मोचीराम' कविता के रचयिता हैं–

(A) नागार्जुन  (B) रघुवीर सहाय

(C) त्रिलोचन  (D) धूमिल

33. प्रयोगवादी कविता का आरम्भ किस ग्रंथ से होता है –

(A) तार सप्तक  (B) नयी कविता के प्रतिमान

(C) कविता के नये प्रतिमान  (D) नयी कविता का आत्मसंघर्ष

34. इनमें 'तारसप्तक' मे केवल एक हैं –

(A) राम विलास शर्मा  (B) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

(C) रघुवीर सहाय  (D) विजयदेव नारायण साही

35. होने लगी है जिस्म में जुम्बिश तो देखिए।
परकटे परिन्दे की कोशिश तो देखिए।
इन पंक्तियों में 'परकटा परिंदा' प्रतीक है–

(A) पूंजीपति वर्ग का  (B) श्रमिक वर्ग का

(C) नौकरशाह वर्ग का  (D) राजनीतिज्ञ वर्ग का

36. किस शायर की गज़लों से हिन्दी गज़ल का आरम्भ माना जाता है -

(A) अदम गौंडवी
(B) बशीर बद्र की
(C) वसीम बरेलवीकी
(D) दुष्यंत कुमार की

37. इनमें कौन कवि राष्ट्रीय काव्यधारा का प्रतिनिधि कवि नहीं है-

(A) रामधारी सिंह दिनकर
(B) माखनलाल चतुर्वेदी
(C) महादेवी वर्मा
(D) सोहनलाल द्विवेदी

38. इनमें प्रगतिवाद का प्रमुख कवि हैं -

(A) श्रीधर पाठक
(B) त्रिलोचन
(C) अज्ञेय
(D) जगदीश गुप्ता

39. इनमें रामधारी सिंह दिनकर की रचना है -

(A) उर्वशी
(B) यशोधरा
(C) नूरजहाँ
(D) कामायनी

40. 'रो- रोकर सिसक - सिसक कर कहता मैं करूण ..........। रिक्त स्थान पर शब्द आना चाहिए-

(A) पीड़ा
(B) व्यथा
(C) कहानी
(D) गाथा

41. 'अरूण यह मधुमय देश हमारा' गीत प्रसाद के किस नाटक में है -

(A) चन्द्रगुप्त
(B) स्कंदगुप्त
(C) ध्रुवस्वामिनी
(D) विशाख

42. इनमें भारतेन्दु हरिश्चन्द्र लिखित नाटक नहीं है -

(A) नील देवी
(B) भारत दुर्दशा
(C) सत्य हरिश्चन्द्र
(D) कामना

43. हिन्दी में नाटक विषयक आलोचनात्मक 'नाटक' शीर्षक निबंध किसने लगा -

(A) जयशंकर प्रसाद ने
(B) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने
(C) उपेन्द्रनाथ अश्क ने
(D) हरिकृष्ण प्रेमी ने

44. 'भारतीय साहित्य की प्राण शक्ति' शीर्षक निबंध के लेखक हैं -

(A) डॉ० नगेन्द्र
(B) नंद दुलारे बाजपेयी
(C) रामचन्द्र शुक्ल
(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

45. इनमें एक निबंध ललित निबंध कोटि में आता है -

(A) नाखून क्यों बढ़ते हैं
(B) कविता क्या है
(C) क्रोध
(D) साहित्य में प्रासंगिकता का प्रश्न

46. इनमें सुरेन्द्र वर्मा लिखित नाटक है -

(A) लहरों के राजहंस
(B) ध्रुवस्वामिनी
(C) भारत दुर्दशा
(D) सूर्य की अंतिम किरण से सूर्य की पहली किरण तक

47. 'असाध्य वीणा' रचना के रचयिता हैं -

(A) नरेश मेहता
(B) कुंवर नारायण
(C) अज्ञेय
(D) रघुवीर सहाय

48. 'रवि हुआ अस्त ज्योति के पत्र पर लिखा अमर रह गया राम –रावण का अपराजेय समर' पंक्तियाँ किस कविता से हैं –

(A) रामशक्ति की पूजा से (B) असाध्य वीणा से
(C) नाटक जारी है से (D) कुआनी नदी से

49. इनमें से एक पत्रिका राजस्थान से निकलती है –

(A) वागर्थ (B) वसुधा
(C) नया ज्ञानोदय (D) मधुमती

50. इनमें एक राजस्थान का निवासी है –

(A) धूमिल (B) रघुवीर सहाय
(C) अरूण कमल (D) ऋतुराज

51. इनमें कौन सा शब्द अशुद्ध लिखा है –

(A) आशीर्वाद (B) नवोन्मेस
(C) कान्यकुब्ज (D) प्रज्ञाचक्षु

52. इनमें एक उपन्यास प्रेमचंद द्वारा लिखित है –

(A) चित्रलेखा (B) कंकाल
(C) कायाकल्प (D) डूब

53. इनमें से कौन सा उपन्यास विदेशी भावभूमि पर आधारित है –

(A) झूठासच (B) मैला आँचल
(C) बूँद और समुद्र (D) अपने – अपने अजनबी

54. इनमें एक युग्म सुमेलित नहीं है –

(A) यशपाल – परदा (B) जैनेन्द्र – ताई
(C) रांगेय राघव – गदल (D) निर्मल वर्मा – परिन्दे

55. इनमें केवल एक युग्म सुमेलित है

(A) मुर्दों का टीला – रांगेय राघव (B) रागदरबारी – ज्ञान चतुर्वेदी
(C) चित्रलेखा – उपेन्द्रनाथ अश्क (D) मृगनयनी – देवराज

56. इनमें एक पत्रिका राजस्थान से नहीं निकलती –

(A) अक्सर (B) सम्प्रेषण
(C) वसुधा (D) मधुमती

57. इनमें मन्नू भण्डारी रचित उपन्यास का शीर्षक है –

(A) पराया शहर (B) आंधी
(C) आपका बंटी (D) गबन

58. राजस्थान के अलवर क्षेत्र की बोली का नाम है –

(A) मेवाती (B) हाड़ौती
(C) वागड़ी (D) मारवाड़ी

59. इनमें से कौन सा शब्द 'सूचना' का समानार्थक है –

(A) Application (B) Editor
(C) Inhibition (D) Information

60. इन शब्दों में से कर्मधारय समास का उदाहरण है –

(A) तरूशिखा (B) नीलोत्पल

(C) दाल रोटी (D) दशानन

61. 'ऊनमियउ उत्तर दिसहिं मेड़ी ऊपर मेह' पंक्ति में आये 'ऊनमियउ' शब्द का अर्थ है –

(A) आई (B) बरसी

(C) उमड़ी (D) गरजी

62. कबीर पीर पिरावनी पंजर पीड़ न जाइ।

एकजु पीड़ पिरीत की रही कलेजा छाई।।

साखी में 'पीड़ पिरीत' का तात्पर्य है –

(A) प्रेम की चिन्ता (B) प्रेम करने की इच्छा

(C) प्रेम के अवसर की चिन्ता (D) ईश्वर के प्रति प्रेम का दर्द

63. 'फटे ऑव अति सघन सोहाए। औ जस फरे अधिक सिरनाएँ।' पंक्ति में अधिक सिरनाए का तात्पर्य है –

(A) सिर का अधिक उगना (B) फलों के बोझ से अधिक झुक गए

(C) सिर नये हो गये (D) सिर झुकाकर अभिवादन

64. 'निर्गुन कौन देस को बासी' के रचयिता है –

(A) मीराँ बाई (B) तुलसीदास

(C) सूरदास (D) नंददास

65. 'रानी मै जानी अजानी महा पबि पाहन हू ते कठोर हियो है' तुलसी ने यह कथन किससे कहलवाया है-

(A) ग्राम वधुओं से (B) केवट से

(C) वाल्मीकि से (D) जंगल वासियों से

66. 'मीराँ मगन भई हरिगुण गाय' पंक्ति के आधार पर मीराँ की कृष्ण भक्ति को किस कोटि की भक्ति कहा जाएगा –

(A) प्रेमा भक्ति (B) सख्य भाव की भक्ति

(C) निर्गुण भक्ति (D) अनन्य समर्पण भक्ति

67. 'कोटिक हो कलधौत के धाम करील के कुंजन वारौ पंक्ति के रचयिता हैं –

(A) रहीम (B) रसखान

(C) सूरदास (D) नंददास

68. 'ठेले पर हिमालय' (धर्मवीर भारती) रचना किस विधा की है –

(A) संस्मरण (B) यात्रावृत्तांत

(C) रेखाचित्र (D) डायरी

69. 'इनमें कौन सी कहानी भारत विभाजन की त्रासदी पर मोहन राकेश ने लिखी है –

(A) आर्द्रा (B) सेफ्टी पिन

(C) मलबे का मालिक (D) जंगला

70. 'कहत, नटत, रीझत, खिझत, खिलत, मिलत, लजियात।
भरेभौन में करत हैं नैनन ही सौ बात।।
इस दोहे के रचयिता हैं –

(A) बिहारी (B) रहीम
(C) तुलसी (D) जायसी

71. 'ऐसे जु हौं जानतो तू जैहे विषै के संग' पंक्ति में देव ने 'तू' किसके लिए प्रयुक्त किया है –

(A) भक्ति के लिए (B) तन के लिए
(C) साधन के लिए (D) मन के लिए

72. 'बरन बरन तरू फूले उपवन बन सोई चतुरंग संग दल लहियत है पंक्ति के रचयिता है –

(A) पद्‌माकर (B) सेनापति
(C) आलम (D) ग्वाल

73. 'आपस की फूट ही ते सारे हिंदुवान टूटे टूट्यौ कुल रावन अनीति अति करते पंक्ति किस कवि की है-

(A) देव की (B) पद्‌माकर की
(C) भूषण की (D) धनानंद की

74. हिन्दी में 'एब्सर्ड एकांकी' लिखने की परम्परा प्रारम्भ करने का श्रेय है –

(A) भुवनेश्वर को (B) राम कुमार वर्मा को
(C) लक्ष्मी नारायण लाल को (D) उपेन्द्रनाथ अश्क को

75. इनमें एक एतिहासिक नाटक है –

(A) अंधेर नगरी (B) अंजो दीदी
(C) एक घूंट (D) मुक्तिपथ

76. 'सफेद मेमने' राजस्थान के किस लेखक का है –

(A) सत्यनारायण (B) अन्ना राम सुदामा
(C) मणि मधुकर (D) यादवेन्द्र शर्मा त' चन्द'

77. 2018 का 'बिहारी पुरस्कार' राजस्थान के किस लेखक के नाम घोषित हुआ है –

(A) ऋतुराज (B) विजय वर्मा
(C) हेमंतशेष (D) दिप्ति कुलश्रेष्ठ

78. राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर के सर्वोच्च्व पुरस्कार का नाम है-

(A) मीराँ पुरस्कार (B) अकादमी शिरोमणि पुरस्कार
(C) सुधीन्द्र पुरस्कार (D) रांगेय राघव पुरस्कार

79. 'पहिला सफेद बाल' नामक रचना किस लेखक की है –

(A) शरद जोशी (B) रवीन्द्र त्यागी
(C) प्रतीय पंत (D) हरिशंकर परसाई

80. इनमें एक लेखक ही ललित निबन्धकार है-

(A) डा. नगेन्द्र (B) डा. राम विलास शर्मा
(C) कुबेर नाथ राय (D) नंद दुलारे बाजपेयी

81. 'विभावानुभाव व्याभि चारिभाव संयोगद्रस निष्पति यह सूत्र किसका है-

(A) भरत मुनि का (B) दण्डी का
(C) राजशेखर का (D) भट्टनायक का

82. ध्वनि सिद्धान्त की स्थापना किस आचार्य ने की -
(A) धनन्जय (B) रूय्यक ने
(C) आनंदवर्धन ने (D) शंकुक ने

83. संविधान में हिन्दी को किस रूप में दर्जा प्राप्त है -
(A) सम्पर्क भाषा (B) राज भाषा
(C) केन्द्रीय भाषा (D) मातृ भाषा

84. भूषण की कविता में किस काव्य गुण की प्रधानता है -
(A) ओज की (B) माधुर्य की
(C) प्रासाद की (D) राग की

85. इनमें एक रस का अवयव नहीं है -
(A) अनुभाव (B) विभाव
(C) संचारीभाव (D) वक्रोक्ति

86. 'वाक्यं रसात्यकं काव्यम्' उक्ति किस आचार्य की है-
(A) भरत मुनि की (B) अभिनव गुप्त की
(C) आचार्य विश्वनाथ की (D) दण्डी की

87. शब्द शक्ति का प्रमुख कार्य है-
(A) शब्द का प्रभाव बताना (B) शब्द का महत्व बताना
(C) शब्द की बनावट स्पष्ट करना (D) शब्द का अर्थव्यंगित करना

88. दिवस का अवसान समीप था - गगन था कुछ लोहित हो चला।
तरुशिखा पर थी अब राजती - कमलिनी कुल बत्तलभ की प्रभा।।
पंक्तियां किस छंद में लिखी गयी हैं -
(A) द्रुत विलंबित (B) गीतिका
(C) शिखरणी (D) कवित्त

89. 'मालिनी' छंद के विषय में एक कथन सत्य है -
(A) 13-13 की यति पर 26 मात्राएं प्रत्येक चरण में होती है-
(B) प्रत्येक चरण में 15 वर्ण होते है। 8-7 वर्णो पर यति होती है । इसमें दो नगण एक मगण और दो यगण होते हैं -
(C) प्रत्येक चरण में तगण, मगण, जगण तथा अन्त में दो गुरू वर्ण होते हैं -
(D) प्रत्येक चरण में 16 वर्ष होते है तथा अंत गुरूलघु होते है -

90. मन्द-मन्द मुरली बजावत अधर धरे, मन्द-मन्द निक्स्यो मुकुंद मुधुवन में।। पंक्तियों में कौन सा गुण है-
(A) ओज (B) प्रसाद
(C) माधुर्य (D) कोई भी नहीं

91. 'निर्गुन कौन देस कौ बासी' पंक्ति का अर्थ किस शब्द शक्ति से स्पष्ट होगा-
(A) व्यंजना (B) असिधा
(C) लक्षणा (D) इनमे से कोई नहीं

92. 'इनमें से किस मुहावरे का अर्थ शर्मिन्दा होना होता है -
(A) आँख में खटकना (B) ऊँचा सुनना
(C) पानी-पानी होना (D) आसमान से गिरना

93. 'इनमें किस लोकोक्ति का अर्थ सब कुछ व्यर्थ हो जाना होगा –

(A) आँख का अंधा लाभ नैन सुख (B) आँख में धूल झोंकना

(C) माथा मारना (D) गयी भैंस पानी में

94. 'इन पंक्तियों में कौन सा अलंकार है –

बिनु पद चलइ सुनइ बिनु काना । करम बिनु करमु विधि नाना ।। आनन रहित सकल रस भोगी । बिनुबानी बकता बड़ जोगी ।।

(A) उदाहरण (B) विभावना

(C) अन्योक्ति (D) त्यतिरेक

95. 'अलंकार के प्रकारों के विषय में कौन सा विकल्प सही है

(A) तीन (शब्दालंकार अर्थालंकार, उभयालंकार)

(B) चार (उपमेय, उपमान, साधारण धर्म, समतावाचकशब्द)

(C) तीन (च्युत संस्कृति, अक्रमत्व, अधिकपदत्व)

(D) दो (रसानुभूति, रसामास)

96. 'इनमें एक रस का नाम नहीं है

(A) वीर (B) हास्य

(C) करूण (D) माधुर्य

97. 'जो शब्द संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताता है उसे कहते हैं –

(A) क्रिया विशेषण (B) अव्यय

(C) विशेषण (D) गुणवाचक शब्द

98. 'रससिद्धान्त' नामक ग्रंथ के रचयिता हैं –

(A) डॉ. बच्चन सिंह (B) डॉ. नगेन्द्र

(C) डॉ. रमेश कुंतल मेध (D) डॉ. आनंद प्रसाद दीक्षित

99. 'तुलसी के जीवन पर लिखित 'तुलसीदास' काव्य के लेखक हैं –

(A) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला (B) सुमित्रानंदन पंत

(C) रामधारी सिंह दिनकर (D) हरिवंशराय बच्चन

100. 'तुलसी के जीवन पर अमृतलाल नागर ने कौन सा उपन्यास लिखा है –

(A) रत्नावली (B) तुलसी दास

(C) एकदा नैमिशारण्ये (D) मानस का हंस

## SPACE FOR ROUGH WORK/ रफ कार्य के लिए जगह